दिन– बुधवार दिनांक– 04/06/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख का संदेश लेकर विश्व के देशों में गए सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से चार प्रतिनिधिमंडल सफल यात्रा के बाद भारत लौट आए हैं। इस दौरान, इन प्रतिनिधिमंडलों ने विदेशी नेताओं, वरिष्ठ अधिकारियों, प्रभावशाली थिंक टैंक, मीडिया और प्रवासी भारतीयों से बातचीत की। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में संसदीय प्रतिनिधिमंडल वर्तमान में बेल्जियम के ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के मुख्यालय के दौरे पर है। यूरोपीय संघ स्तर पर तथा बेल्जियम के अधिकारियों के साथ बातचीत, सीमा पार आतंकवाद तथा पहलगाम आतंकी हमले पर केंद्रित है। इस बीच, कांग्रेस सांसद डॉक्टर शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी कांग्रेस तथा प्रशासन के सदस्यों, थिंक टैंक, मीडिया और नीति निर्माताओं से मिलकर उन्हें ऑपरेशन सिंदूर तथा आतंकवाद के विरुद्ध भारत के कड़े रुख के बारे में जानकारी देगा।

---

भारत सहित दुनिया भर से लगभग दस लाख अस्सी हजार तीर्थयात्री आज से शुरू हुई पांच दिवसीय वार्षिक हज यात्रा के लिए सऊदी अरब के मीना में एकत्रित हो रहे हैं। तीर्थयात्रियों ने पवित्र शहर मक्का से अपनी यात्रा शुरू की और मीना में एकत्रित हुए। ये लोग आज रात मीना में बिताएंगे और कल सुबह हज की मुख्य्य रस्म अदा करने के लिए अराफात के मैदान जाएंगे। इससे पहले, अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मंत्रालय का निरंतर प्रयास है कि प्रत्येक भारतीय हज यात्री के लिए एक आरामदायक और सम्मानजनक यात्रा सुनिश्चित की जाए। हज सुविधा मोबाइल ऐप के साथ, भारतीय तीर्थयात्रियों को सूचना और शिकायत रिपोर्टिंग सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में बिक्रम लॉक कैनाल बैंक और सौर ऊर्जा परियोजना का उद्‍घाटन किया। इस परियोजना से बिक्रम और इसके आस–पास

रहने वाले लोगों को कम कीमत पर हरित और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जल जीवन हरियाली मिशन के तहत सौर ऊर्जा को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक ऊर्जा पर निर्भरता कम होने से प्रदूषण का स्तर घटेगा और पर्यावरण संरक्षण में इसका लाभ मिलेगा।

———————————————————

मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति ने आरएस कॉलेज, तारापुर के सह प्राध्यापक डॉक्टर शर्मा राम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन पर आतंरिक परीक्षा के संचालन के दौरान अमर्यादित आचरण करने का आरोप है।

———————————————————

ग्रैमी अवॉर्ड विजेता और पद्मभूषण से सम्मानित पंडित विश्वमोहन भट्ट आज पटना के भारतीय नृत्य कला मंदिर में मोहन वीणा की प्रस्तुति देंगे। वहीं, पंडित सलिल भट्ट सात्विक वीणा और अभिषेक मिश्रा तबला पर संगत करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन कला, संस्कृति और युवा विभाग की ओर से किया जा रहा है।

———————————————————

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश हुई है। किशनगंज के बहादुरगंज में सबसे अधिक साठ दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज राज्य के पूर्वी हिस्सों के साथ–साथ कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, नवादा, गया, बक्सर, पटना और शेखपुरा समेत कई जिलों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है। इस दौरान वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है।

———————————————————

औरंगाबाद जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र से पुलिस ने चार महिला समेत नौ चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लूटे गए कई आभूषण बरामद किये गये हैं।

रोहतास जिले के बड्डी थाना क्षेत्र के जंजरा कुटिया गांव के पास एक अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से पिता–पुत्र की मौत हो गई।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।